# भारतीय नौसेना



**स्टीवर्ड, रसोइयों और टोपास (सफाईवाला) 02/2016 बैच के लिए नौसैनिकों के रूप में भर्ती के लिए अविवाहित भारतीय पुरूष अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित करती है। पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण अक्टूबर 2016 से प्रारंभ होगा**

1. पात्रता शर्तें एवं प्राथमिक कार्य अपेक्षाएँ निम्न प्रकार से हैं:–

(क) **<u>आयु</u>** : 01 अक्टूबर 2016 को 17 से 21 वर्ष होना चाहिए(उम्मीदवार का जन्म 01 अक्टूबर 1995 एवं 30 सितम्बर 1999 के बीच होना चाहिए, दोनों तिथियाँ मिलाकर।)

(ख) **<u>पात्रता शर्तें एवं प्राथमिक कार्य</u>**:

(i) **<u>रसोइया (एम. आर)</u>** : इन्हें मैट्रिक पास होना चाहिए तथा इन्हें व्यंजन सूची के अनुसार खाना पकाना (दोनों शाकाहारी एवं मॉसाहारी जिसमें मॉस उत्पादों का प्रयोग भी शामिल है।) एवं राशन का लेखा–जोखा रखना आवश्यक है। साथ ही, संगठन को दक्ष रूप से चलाने के लिए इन्हें दूसरे तरह का कार्य भी सौंपा जाएगा।

(ii) **<u>स्टीवर्ड (एम. आर.)</u>** : इन्हें मैट्रिक पास होना चाहिए तथा इन्हें अधिकारी मेस में बैरा (वेटर) की तरह खाना परोसना, गृह व्यवस्था करना, फंड, मदीरा एवं स्टोर का लेखा–जोखा रखना, व्यंजन सूची बनाना इत्यादि आवश्यक है। साथ ही, संगठन को दक्ष रूप से चलाने के लिए इन्हें दूसरे तरह का कार्य भी सौंपा जाएगा।

(iii) **<u>टोपास (एन. एम. आर.)</u>** : इन्हें कक्षा 6 पास होना चाहिए और सफाईवाला का कार्य करना होगा तथा शौचालय की सफाई भी करना होगा। साथ ही, संगठन को दक्ष रूप से चलाने के लिए इन्हें दूसरे तरह का कार्य भी सौंपा जाएगा।

2. पात्रता शर्तें, चयन प्रणाली और आवेदन प्रारूप तथा आवेदन करने की प्रणाली का विवरण सभी राज्य एवं जिला सैनिक बोर्डों और हमारी वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in में उपलब्ध हैं। आवेदक हमारी वेबसाइट www.joinindiannavy.gov.in से आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

3. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **03 जनवरी 2016** हैं। उत्तरपूर्व सिक्किम, जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीपसमूह के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि – **10 जनवरी 2016**

4. छंटनी किए गए योग्य अभ्यर्थियों को कॉल–अप–लेटर भेजे जाएंगे, जिसमें लिखित और शारीरिक स्वस्थता जांच की तिथि, समय और स्थान अंकित होगा, जो मार्च–अप्रैल 2016 में होने की संभावना है। **छंटनी किए गए अभ्यर्थी कॉल–अप–लेटर को वेव साइट www.joinindiannavy.gov.in से भी प्राप्त कर सकते हैं।**

5. आवेदन निम्न पते पर भेजे : **पोस्ट बॉक्स सं. 2, लोधी रोड पोस्ट ऑफिस, नई दिल्ली–110003**

## एजेंट / धोखेबाजों से सावधान

नौसेना भर्ती संगठन के कर्मचारियों के साथ घनिष्ठता का दावा करने वाले व्यक्ति किसी प्रत्याशी को भर्ती कराने का वादा करके इस बहाने केवल धन ही ऐंठ सकते हैं। हम जोर देकर कहना चाहते है कि उनके लिए अपने संपर्कों के बल पर किसी को भी भर्ती कराना संभव नहीं है। किसी भी व्यक्ति द्वारा हाथ से जमा कराये गए आवेदन नौसेना मुख्यालय में नामंजूर कर दिए जाते हैं। केवल निर्दिष्ट पोस्ट बाक्सों पर प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किए जाते हैं। उसके बाद चयन योग्य आवेदकों को संबंधित नौसेना संस्थान ''बुलावा पत्र – सह – प्रवेश पत्र'' जारी करता है। किसी एजेंट के वायदों के चक्कर में आने से पहले दुबारा सोचें। यदि आपको लगता है कि आप गैर–कानूनी रूप से अपना काम करवा सकते हैं तो आपको असफलता ही हाथ लगेगी।

***<u>टिप्पणी</u>***

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा निर्देश हैं और गवर्नमेंट द्वारा जारी आदेश जो समय–समय पर बदलते रहते है, भर्ती अभ्यार्थी पर लागू होंगे।

*आनलाइन आवेदन के लिए स्मार्टफोन से क्यू आर कोड रीडर का प्रयोग करते हुए क्यू आर कोड को स्कैन करें*